आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.09.2024 समय : 0705

- फ्लाईबिग के सीएमडी संजय मंडाविया ने कहा कि कार निकोबार और कैम्पबेल बे हवाई अड्डे से पहली सीप्लेन उड़ानें संचालित की जाएंगीं
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई हैं
- मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गयां
- ग्यारह सितंबर तक द्वीपसमूह में पैंतीस से पैंतालिस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना हैं
- समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर शैक्षिक अंचल के विभिन्न विद्यालयों के स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयां

.................................................................................

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई हैं परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक कदम हैं पूजा समितियों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के लिए एक आंकलन योजना विकसित की गई है, जिसके अनुसार पूजा पंडालों में नीले और हरे रंग के कूड़ेदान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, भोजन वितरण के लिए प्लास्टिक और बटर पेपर का इस्तेमाल न करना, प्लास्टिक और कागज के गिलास की बजाय स्टील के गिलास का उपयोग करना, प्लास्टिक प्लेटों की जगह स्टील और केले के पत्तों से बनी प्लेटों का इस्तेमाल करने को कहा गया हैं पंडालों में सजावट सामग्री को अलग से एकत्र करके पुनर्चक्रन के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक को सौंपना होगां समारोह के दौरान खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिएं नगरपालिका परिषद के निरीक्षण दल द्वारा इन मानदंडों के आधार पर पूजा पंडालों का मूल्यांकन करने के लिए औचक निरीक्षण किया जाएगां सर्वश्रेष्ठ दस पूजा पंडालों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ

दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगां इस संबंध में भागीदारी और मूल्यांकन के लिए एस ओ पी परिषद की पोर्टल पर उपलब्ध हैं

..........................................................................

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गयां जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने डिगलीपुर तहसील के मिलनग्राम गांव में यह अभियान चलायां इसके अंतर्गत करीब आठ सौ वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण को हटाया गयां जिले के विभिन्न गांवो में भी इसी तरह का अभियान चलाया जा रहा हैं

उधर, सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए दक्षिण अंडमान ज़िले के शोर प्वाइंट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गयां सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे के बारे में शिकायत मिलने के बाद इस पर कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा शून्य दशमलव शून्य चार हेक्टेयर सरकारी जमीन को खाली कराया गयां

..........................................................................

ग्यारह सितंबर, तक अंडमान और निकोबार तट पर पैंतीस से पैंतालिस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है, जो बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती हैं समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब होने की संभावना हैं मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे ग्यारह सितंबर, तक समुद्र में न जाएं लिटिल अंडमान और अंडमान द्वीप समूह के तट के लिए तीन दशमलव चार से लेकर तीन दशमलव छह मीटर तक की ऊंची लहरों के उठने का पूर्वानुमान लगाया गया हैं छोटे जहाजों को तट के पास न चलने की सलाह दी गई हैं अधिक जानकारी के लिए राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की हेल्पलाइन नंबर एक शून्य सात शून्य और जिला आपातकालीन संचालन केंद्र की हेल्पलाइन नंबर एक शून्य सात सात पर संपर्क करें समुद्र में किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए, तटरक्षक एसएआर एजेंसी को टोल फ्री नंबर एक पांच पांच चार पर कॉल किया जा सकता हैं

उधर जहाजरानी विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार खराब मौसम के चलते फोर–शोर सेक्टर और अंतरद्वीपीय जहाजों का संचालन रद्द किया गया हैं चाथम, बम्बूफ्लाट, डंडसप्वाइंट, होपटाउन और फीनिक्स बे के बीच संचालित होने वाली वाहन फेरी सेवाएं खराब मौसम के चलते स्थगित की गई हैं अधिक जानकारी के लिए यात्री फीनिक्स बे स्थित सूचना काउन्टर के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं

..........................................................................

समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर शैक्षिक अंचल के विभिन्न विद्यालयों के स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए दिव्यांग छात्रों को उचित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयां कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों को विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करना थां ब्लॉक परियोजना कार्यालय के स्रोत अधिकारियों ने विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दीं इस कार्यक्रम का उद्घाटन उप–शिक्षा अधिकारी सुलोचना द्वारा किया गयां उन्होंने अपने संबोधन में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दीं इस तरह की योजनाएं उन्हें स्कूल के अनुकूल समावेशी माहौल में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करती हैं कार्यक्रम मे स्रोत अधिकारी एस. विजया ने बताया कि ऐसे बच्चों की शीघ्र पहचान के लिए डिगलीपुर में स्वास्थ्य मूल्यांकन शिविर आयोजित किए जाएंगें कार्यक्रम में बावन स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लियां

..........................................................................

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने छह सितम्बर को अपनी चालीसवीं वर्षगांठ मनाईं इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, ग्रामीण विद्यालयों में ए आई और साइबर सुरक्षा मुद्दों पर प्रस्तुतियां, बिडनाबाद, कालीकट, छोलदारी पंचायत, टुसनाबाद और नमूनाघर पंचायत में जल संसाधन की पहचान करने की पहल के अलावा मिलेट्स मेला, कपड़े के थैले का वितरण जैसी कई गतिविधियां चलाई गईं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण **प्रतिदान** पहल थी, जिसके तहत संस्थान के कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों ने उप–राज्यपाल राहत कोष में दो लाख नब्बे हजार रूपये का योगदान दियां

..........................................................................

कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त कार्यालय की ओर से स्मार्ट द्वीपवासी पहचान पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा हैं लक्ष्मी नगर पंचायत के निवासियों से इस सबंध में जरूरी दस्तावेज जमा करने को कहा गया हैं शास्त्री नगर और गांधी नगर में दस्तावेज जांच का कार्य जारी हैं

..........................................................................

द्वीपसमूह मे चांद दिखाई देने के कारण मिलाद–उन–नबी सत्रह सितम्बर को मनाई जाएगीं अंडमान निकोबार हिलाल समिति ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी हैं

..........................................................................